Department of
Education

GOVERNMENT OF
WESTERN AUSTRALIA

Shaping the future

# आचार संहिता



# महानिदेशक की ओर से संदेश

**हम जो कुछ भी करते हैं, वह पूरी तरह से विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर करते हैं।**

उनकी शिक्षा और देखभाल का काम सौंपा जाना न केवल एक विशेषाधिकार है, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। हम इस राज्य में शिक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए साथ-मिलकर काम करते हैं, और हमारा प्रत्येक कर्मी सभी विद्यार्थियों के लिए सार्थक मार्गों को सक्षम बनाने में अपनी भूमिका निभाता है।

इसे प्राप्त करने के लिए हम अपने विद्यार्थियों की आवश्यकताओं और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में हमें सक्षम बनाने वाली संस्कृति व कार्य परिवेश निर्मित करना चाहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे सभी निर्णय और कार्य हमारे मूल्यों और व्यवहारों का प्रतिबिंबन करें।

हमारी आचार संहिता हमारे साझा मूल्यों: अखंडता, निष्पक्षता, अभिव्यक्ति, सत्यवादिता, सामूहिक-कार्य, देखभाल, और सीखने; तथा हमारे कार्यस्थल में व्यवहारों: उद्देश्यपूर्ण, संलग्नता, उच्च प्रदर्शन, और नैतिक नेतृत्व के आधार पर निर्मित है।

ये मूल्य और व्यवहार हमारे द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक कार्य और प्रत्येक निर्णय के मूल में हैं।

यह संहिता कर्मचारियों के लिए कई मानक ('मानक') नियत करती है, जिनका अनुपालन उन्हें पेशेवर और व्यक्तिगत निर्णय लेते समय करना होगा। इस संहिता, मानकों और सभी प्रासंगिक नीतियों व कानूनी दायित्वों को समझना और उनका अनुपालन करना हमारी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

प्रधानाध्यापकों और लाइन मैनेजरों से यह उम्मीद की जाती है कि वे अखंडता और उत्तरदेयता निर्मित करने तथा नैतिकतापूर्ण और मूल्य-आधारित संस्कृति को प्रोत्साहन देने के लिए इस संहिता का उपयोग करें।

लीसा रॉजर्स
**महानिदेशिका**



CC BY

# अभिस्वीकृति

**पूरे पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में जिस भूमि पर हमारे विद्यार्थी रहते हैं और शिक्षा प्राप्त करते हैं, हम उस भूमि और जल के पारंपरिक संरक्षकों को अभिस्वीकृति देते हैं और उनके प्रति आदर व्यक्त करते हैं।**

हम इस बात को स्वीकार करते हैं और इसकी समझ रखते हैं कि वयोवृद्ध लोग, माता-पिता, परिवार और समुदाय अपने बच्चों के सर्वप्रथम शिक्षक होते हैं तथा हम एबोरिजनल बच्चों द्वारा कक्षा में लाई जाने वाली संस्कृतियों और प्रबलताओं को मान्यता और महत्व देते हैं। एबोरिजनल लोगों द्वारा भूमि, समुदाय, भाषा और संस्कृति के साथ अपने संबंधों को साझा करने और अपने मौखिक इतिहास, कहानियों और जीवंत अनुभवों के माध्यम से पीढ़ी-दर-पीढ़ी पारित होने वाली शिक्षण और सीखने की एक लंबी परंपरा रही है।

एबोरिजनल बच्चे अपने घरों और समुदायों से कक्षा में अपने साथ सीखने की जो क्षमता लाते हैं, हम उसे मान्यता और महत्व देते हैं।

एबोरिजनल शब्द से तात्पर्य आदिवासी, आदिवासी और टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी तथा स्वदेशी लोगों से है। व्यक्ति-विशेषों के संदर्भ में आदिवासी व्यक्ति पद का उपयोग करें।

# जागरुकता

**विभाग के लिए कार्य करते समय हम मूल्यों को अंगीकृत करने और व्यवहारों का पालन करने के लिए सहमति देते हैं और हमें इस आचार संहिता के मानकों को पूरा करने की आवश्यकता होगी।**

हमारे लिए सार्वजनिक अधिकारियों के रूप में इस प्रकार का आचरण करना महत्वपूर्ण है, जो समुदाय की अपेक्षाओं को पूरा करता है और विभाग में जनता का विश्वास बनाए रखता है।

विभाग के प्रतिनिधियों के रूप में, जिसमें सभी कांट्रेक्टर और स्वयंसेवी भी शामिल हैं, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि कार्यस्थल के बाहर हमारा आचरण विभाग की अखंडता को बनाए रखता है और अपने कर्तव्यों को पूरा करने की हमारी क्षमता को प्रभावित नहीं करता है।

इस संहिता को आयुक्त की निर्देश संख्या 7 - आचार संहिता - के अनुसार तैयार किया गया है और इस संहिता को इसके साथ संयुक्त रूप में पढ़ा जाना चाहिए।

CC BY

# हमारे मूल्य

विभाग नैतिक कार्यप्रथाओं और आचरण तथा व्यवहार के उपयुक्त मानकों को प्रोत्साहन देता है। हम सभी व्यक्तियों के साथ सम्मानपूर्ण और गरिमामय व्यवहार किए जाने वाले शिक्षण, सीखने और कार्य-परिवेशों के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कर्मियों के कार्यों को हमारे मूल्यों के अनुरूप निर्देशित किया जाना चाहिए, जो विद्यार्थियों, माता-पिता और देखभालकर्ताओं, समुदायों, हितधारकों और एक-दूसरे के प्रति सामाजिक जिम्मेदारियाँ प्रदर्शित करते हैं।

इन मूल्यों को विभाग के दिन-प्रतिदिन के कार्यों में व्यावहारिक अभिव्यक्ति दी जानी चाहिए।



## अखंडता

ये मूल्य और व्यवहार हमारे द्वारा किए जाने वाले प्रत्येक कार्य और हमारे द्वारा लिए जाने वाले प्रत्येक निर्णय के मूल में हैं। हम इस जिम्मेदारी को हल्के में नहीं लेते हैं और इसमें शामिल हो पाने पर विशेषाधिकृत महसूस करते हैं।

हम हर समय विद्यार्थियों और समुदाय के सर्वोत्तम हित में कार्य करते हैं। हम जवाबदेह और ईमानदार हैं और हमारे पास प्रबल नैतिक और आचारपूर्ण सिद्धांत हैं।

## निष्पक्षता

हम विद्यार्थियों और कर्मियों की विभिन्न परिस्थितियों, आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पहचान देते हैं।

हम नस्लवाद, भेदभाव, धमकाने, दुर्व्यवहार या शोषण से मुक्त सीखने और कार्य-परिवेशों के लिए प्रयासरत हैं।

हम सफलता के लिए एक से अधिक मार्गों में विश्वास रखते हैं और हमारा उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को अपना-अपना मार्ग खोजने में सहायता देना है।

## अभिव्यक्ति

हम एक-दूसरे को और अपने विद्यार्थियों, परिवारों, समुदायों और हितधारकों को ध्यानपूर्वक सुनते हैं।

हम विचारों की ईमानदार और सम्मानजनक अभिव्यक्ति तथा विचारों की विविधता को प्रोत्साहित करते हैं।

हम बच्चों और युवाओं की अभिव्यक्ति को उनकी शिक्षा का हिस्सा बनने के लिए बल देते हैं।

## सत्यवादिता

हम आदिवासी लोगों के विविधतापूर्ण इतिहास, अनुभवों और विश्वदृष्टि के बारे में सीखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम सांस्कृतिक रूप से सीखने और कार्य करने के लिए सुरक्षित परिवेश तथा सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी सेवाएँ निर्मित करते हैं, जो नस्लवाद और भेदभाव से मुक्त हैं।

## सामूहिक-कार्य

हम एक-दूसरे को समर्थन, प्रोत्साहन और प्रेरणा देते हैं तथा हम सभी के योगदान को महत्व देते हैं।

हम पारस्परिक विश्वास और समावेशिता को अत्यधिक प्रोत्साहन देते हैं।

हम विद्यार्थियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्राप्त करने में सहायता देने के लिए सहयोग के महत्व को पहचान देते हैं।

## देखभाल

हम पारस्परिक सम्मान का अनुपालन करते हैं और उचित संबंधों को विकसित करने और बनाए रखने के लिए अपनी जिम्मेदारी को स्वीकार करते हैं।

हम सचेत और विचारशील हैं।

हम स्वयं को, दूसरों को और अपने संसाधनों को सुरक्षित रखने का प्रयास करते हैं।

## सीखना

सीखने के प्रति हमारा एक सकारात्मक दृष्टिकोण है और हम दूसरों में इस दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करते हैं।

हम अपने इस विश्वास के आधार पर विद्यार्थियों के सीखने को प्रोत्साहन देते हैं कि सभी विद्यार्थियों के पास सीखने की क्षमता होती है।

# कार्यस्थल में हमारे व्यवहार

**उद्देश्यपूर्ण**
हम प्रत्येक विद्यार्थी की आवश्यकताओं और महत्वाकांक्षाओं को अपने निर्णयों व कार्यों में पूरी तरह से ध्यान में रखते हैं।

**संलग्नता**
हम उत्तरदायी सेवाएँ प्रदान करने के लिए अपनी विशेषज्ञताओं को संलग्न करते हैं।

**उच्च प्रदर्शन**
हम संपूर्ण कार्य को पूरा करने और सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए सामूहिक रूप से काम करते हैं।

**नैतिक नेतृत्व**
हम अंतर लाने वाले समाधान निर्मित करने के लिए एक-दूसरे को जवाबदेह मानते हैं।

# हमारे मानक

**यह संहिता कर्मियों के रूप में हमारे आचरण के अनुपालन में हमें मार्गदर्शन देने के लिए अनेक मानक नियत करती है।**

इन मानकों की अवरचना व्यावसायिक और व्यक्तिगत, दोनों प्रकार के निर्णय लेते समय मार्गदर्शन देने के लिए की गई है। हमारे निजी जीवन के संदर्भ में लिए गए निर्णय भी हमारे व्यावसायिक पक्ष को प्रभावित कर सकते हैं।

मानकों को समझना और उनका अनुपालन करना हमारी जिम्मेदारी है और उन्हें सभी प्रासंगिक कानूनों, नीतियों और प्रक्रियाओं के साथ संयुक्त रूप में पढ़ा जाना चाहिए। इसके अलावा हमें अपने निर्णय लेने में निष्पक्षता, समानता और समयबद्धता का पालन करना चाहिए।

**व्यावसायिक और अखंडतापूर्ण व्यवहार करें**
हम अपने संबंधों में ईमानदार और विश्वसनीय हैं, तथा हम कार्यस्थल व समुदाय, दोनों में हर समय गरिमा और अखंडता प्रदर्शित करते हैं।

**सांस्कृतिक सुरक्षा निर्मित करें**
हम सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और उत्तरदायी कार्यस्थल व सीखने के परिवेश निर्मित करते हैं और उन्हें बनाए रखते हैं।

**समानता, विविधता और समावेशिता को अंगीकृत करें**
हम सभी पृष्ठभूमियों से आने वाले लोगों को प्रोत्साहित और अंगीकृत करते हैं और प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्ति-विशेष के रूप में महत्व देते हैं।

**सुरक्षा और सकुशलता बनाए रखें**
हम अपनी तथा हमारे विद्यार्थियों, हमारे सहयोगियों और हमारे हितधारकों की सुरक्षा और सकुशलता बनाए रखते हैं।

**सटीक अभिलेख बनाए रखें**
हम सटीकता के साथ अभिलेख, प्रबंधन और जानकारी बनाए रखते हैं।

**आधिकारिक और गोपनीय जानकारी का संरक्षण करें**
हम केवल प्राधिकृत उद्देश्यों के लिए ही आधिकारिक और गोपनीय जानकारी की पहुंच प्राप्त करते हैं और उसका उपयोग करते हैं।

**ईमानदारीपूर्ण व्यवहार करें**
हम अपने व्यवहारों में ईमानदार और सत्यनिष्ठ हैं और हम धोखाधड़ी व भ्रष्ट आचरण के प्रकरणों का खुलासा करते हैं।

**सार्वजनिक संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें**
हम राज्य के संसाधनों का उपयोग जिम्मेदार और जवाबदेह तरीके से करते हैं।

**उपहारों और लाभों का प्रबंध करें**
हम उपहार और लाभ प्राप्त या प्रदान करते समय अखंडता और नैतिकता का पालन करते हैं।

**हितों के संघर्षों का प्रकटीकरण और प्रबंध करें**
हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे सार्वजनिक कर्तव्यों के साथ हमारे व्यक्तिगत या निजी हितों तथा संबद्धताओं का संघर्ष नहीं होता है, या संघर्ष होता हुआ प्रतीत नहीं होता है।

**निष्पक्षता के साथ कार्य-नियुक्ति करें**
हम सार्वजनिक क्षेत्रायुक्त के रोजगार मानकों और विभाग की मानव संसाधन नीतियों, प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों का पालन करते हैं।

**जवाबदेयता के साथ खरीदारी करें**
हम नैतिकता, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ खरीदारी के कार्य करते हैं, और उपयुक्त रूप से अनुबंधों का प्रबंधन करते हैं।

CC BY

# दुराचरण को समझना

**हमारे लिए कर्मियों के रूप में विभाग की आचार संहिता का अनुपालन करना और मानकों के प्रति सचेत रहना आवश्यक है।**

इसमें असफल रहने वाले व्यवहारों से विभाग की बदनामी हो सकती है, कार्यस्थल या समुदाय में कर्मियों की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है, और हमारी देखभाल के तहत हमारे सहकर्मियों और विद्यार्थियों की सुरक्षा व सकुशलता पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है।

हो सकता है कि इन अपेक्षाओं को पूरा न करने वाले कर्मी संहिता का उल्लंघन कर रहे हों तथा वे औपचारिक अनुशासनात्मक प्रक्रिया और कार्यवाही के अधीन हों, जिसमें उनके रोजगार को समाप्त किए जाने तक की कार्यवाही या इसे वास्तव में समाप्त किया जाना भी शामिल है।

कुछ परिस्थितियों में आचार संहिता के उल्लंघन से गंभीर आपराधिक जुर्म किए जाने की चिंताएँ भी पैदा हो सकती हैं।

## कर्मियों के इस प्रकार के आचरण की सूचना देना, जो हमारे मानकों को पूरा नहीं करता है

हम सभी को हमें दिखाई या सुनाई देने वाले किसी भी अनुचित, अव्यावसायिक या गैर-कानूनी व्यवहार के बारे में बात करने की आवश्यकता है। हमने जो व्यवहार देखा या अनुभव किया है, उसके बारे में की जाने वाली कार्यवाही उस व्यवहार की प्रकृति और गंभीरता के आधार पर अलग-अलग होगी। किंतु महत्वपूर्ण बात यह है कि हम अपनी **आवाज़ उठाएँ**।

यदि आप इस बारे में अनिश्चित हैं कि आपको क्या करना चाहिए, या आपको ऐसा लगता है कि आप व्यावसायिक तरीके से और यथाशीघ्र अवसर पर शिकायत या संघर्ष को हल कर पाने में सक्षम नहीं हैं, तो आपको प्रतिष्ठात्मक हानि या प्रतिशोध की चिंता किए बिना अपने प्रधानाध्यापक या लाइन मैनेजर के साथ इस मामले पर चर्चा करनी चाहिए।

यदि आपकी परिस्थिति में ऐसा करना उपयुक्त नहीं है, तो अधिक वरिष्ठ व्यक्ति को इसके बारे में सूचित किया जाना चाहिए, या अगर यह भी संभव नहीं है तो इसकी रिपोर्ट सीधे मानक और अखंडता (Standards and Integrity) के पास की जा सकती है।

जिन कर्मियों को मानकों व समर्थनकारी नीतियों के बारे में और अधिक जानकारी, तथा जवाबदेह एवं नैतिकतापूर्ण निर्णय प्रक्रिया (Accountable and Ethical Decision Making) की आवश्यकता है, उन्हें Ikon का संदर्भ लेना चाहिए।

यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं या आपको इस संहिता और मानकों के किसी भी पहलू के बारे में आगे के मार्गदर्शन की आवश्यकता है, तो कृपया संपर्क करें:

**Professional Standards and Conduct**
Department of Education
Level 2, 151 Royal Street
East Perth WA 6004
9264 4740
codeofconduct@education.wa.edu.au

**सलाह लाइन**
1800 655 985

**आवासीय कॉलेज रिपोर्टिंग लाइन**
1800 011 114

**Shaping the future**

TRIM Ref: D21/0297195
SCIS: 5357025

© शिक्षा विभाग
पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया 2021

**Department of Education**
151 Royal Street
East Perth WA 6004
9264 4111
**education.wa.edu.au**

यह सामग्री अनुरोध किए जाने पर उपयुक्त वैकल्पिक प्रारूपों में उपलब्ध है।